II

# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना–800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं० : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in

पत्रांक : नि० प्रा०/ विधि 1-22/2018 48 /पटना, दिनांक 09/01/2019

प्रेषक,

**गिरीश शंकर,**
मुख्य चुनाव पदाधिकारी।

सेवा में,

**जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०),**
पश्चिम चम्पारण, बेतिया
**प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०),**
बेतिया ।

विषय : **बेतिया प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति के प्रबंधकारिणी कमिटी के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची का प्रकाशन।**

महाशय,

जिला सहकारिता पदाधिकारी, प0 चम्पारण, बेतिया की अनुशंसा के आलोक में प्राधिकार के पत्रांक 1351 दिनांक 21.12.2018 द्वारा बेतिया प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति के प्रबंधकारिणी कमिटि के निर्वाचन हेतु निर्धारित मतदाता सूची के प्रकाशन कार्यक्रम को निम्नवत विस्तारित किया जाता है:-

| क्र० | कार्यक्रम | तिथि |
|---|---|---|
| i | जिला सहकारिता पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया द्वारा सूची स्वयं तैयार कर उसे निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध कराना | 15.01.2019 |
| ii | निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थलों पर प्रकाशन | 17.01.2019 |
| iii | आम नोटिस का प्रकाशन जिसमें मतदाता सूची के संबंध में दावे/ आपत्तियाँ प्राप्त करने की तिथि और प्राप्त दावे/ आपत्तियों के निष्पादन की तिथि अंकित हो | 17.01.2019 |
| iv | दावे/ आपत्तियाँ दाखिल करने की अवधि | 28.01.2019 तक |
| v | दावे/ आपत्तियों के निष्पादन के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन | 30.01.2019 |

2. मतदाता सूची के प्रकाशन हेतु प्राधिकार के पत्रांक 1351 दिनांक 21.12.2018 द्वारा दिये गये अन्य निदेश यथावत रहेंगे।

3. निर्वाचन कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के पहले प्राधिकार के लिए अंतिम रूप से प्रकाशित की जाने वाली मतदाता सूची का संक्षिप्त विवरण जानना आवश्यक है। **दिनांक 30.01.2019 को निर्वाचन पदाधिकारी अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची के संबंध में प्रपत्र-एम 7 पर दिये गये प्रपत्र में एक प्रतिवेदन तैयार करेंगे और इस प्रतिवेदन को प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी या अन्य पर्यवेक्षक के माध्यम से** जिला सहकारिता पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया **को उसी दिन उपलब्ध करा देंगे।** जिला सहकारिता पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया **प्रपत्र-एम 7 पर दिये गये प्रपत्र में ही संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन को**

**उसी प्रपत्र में फैक्स या विशेष दूत द्वारा दिनांक 02.02.2019 तक निश्चित रूप से प्राधिकार को उपलब्ध करा देंगे।**

विश्वासभाजन,

9/1/19

**( गिरीश शंकर )**

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 48 /पटना, दिनांक 09/01/2019

प्रतिलिपि : जिला सहकारिता पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

उनसे अनुरोध है कि वे बेतिया प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति के प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन हेतु स्वच्छ मतदाता सूची की तैयारी करायेंगे एवं स्वच्छ मतदाता सूची के निर्माण में निर्वाचन पदाधिकारी को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 48 /पटना, दिनांक 09/01/2019

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना/ प्रमंडलीय आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना/ उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी (म० स० स०), पश्चिम चम्पारण, बेतिया/ संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 48 पटना/ दिनांक 09/01/2019

प्रतिलिपि: श्री मुकेश कुमार ठाकुर, अधिवक्ता, पटना उच्च न्यायालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 48 /पटना,दिनांक 09/01/2019

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**